हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 28 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा खिलाड़ी हार्दिक राठी के साथ हुए हादसे के मामले में दिए गए बयान को खेल मंत्री ने राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि उनको इस प्रकार के बयान देने की बजाए पंजाब के युवाओं के बारे में सोचना चाहिए ,वहां पर नशा गहरी जड़ें जमा चुका है ,□ ए दिन कोई न कोई युवा मौत का शिकार हो रहा है।

उन्होंने भगवंत मान को अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत देते हुए कहा कि पंजाब में जो नशे के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं उन पर भी हमले हो रहे है। वहां के फुटबाल और फैंसिंग के विश्व चैंपियन खिलाड़ी चाय की दुकान चलाने को मजबूर हैं , उनके प्रदेश में खिलाड़ियों को खेल कोटा निर्धारित होने के बाद भी कोई फायदा नहीं मिल रहा।

****

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि उन्होंने खेल विभाग के अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि जहां भी खेल की बुनियादी सरंचना के रख रखाव की जरुरत है उसकी रिपोर्ट दें, ताकि उसको जल्द से जल्द दुरुस्त किया जा सके । खेल मंत्री ने कहा कि □ ज इसके लिए एक समीक्षा बैठक भी बुलाई गई है ताकि खेल सुविधाओं को और अधिक विस्तार दिया जा सके।

श्री गौरव गौतम ने बताया कि उन्होंने □ ज हार्दिक राठी के गांव में पहुंचकर उसके परिवार से मुलाकात की और पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुश्किल घड़ी

में परिवार के साथ खड़ी है। वे सरकार से जो भी मदद चाहेंगे, वे उसको पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि हादसे की जांच के आ देश दे दिए गए हैं, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह 11 बजे आ काशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आ काशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आ काशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑन एयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आ काशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आ काशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

****

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने खाद के दुरुपयोग व बम विस्फोट में प्रयोग होने के बाद खाद वितरण व्यवस्था बदल दी है। अब मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले किसानों को ही खाद का वितरण किया जाएगा। इसके लिए सभी पैक्स, सहकारी समितियों व एजेंसियों को मशीनें दी गई हैं। आ धार अनुमोदन के बाद ही खाद दी जाएगी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कल दादरी में कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा

श्री राणा ने बताया 14 में से 10 परिवारवादों का निपटारा किया और बाकी 4 शिकायतों के समाधान के लिए निर्देश दिए गए हैं।

****

56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव - इफ्फी 2025 आ ज गोवा में भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न होगा, जिसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी जाएगी। 20 नवंबर से शुरू हुए इस महोत्सव में 81 देशों की 240 से ज़्यादा फ़िल्में दिखाई गईं, जिनमें वैश्विक सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ

फ़िल्में शामिल थीं।

****

चंडीगढ़ नेवल यूनिट एनसीसी के कैडेट्स ने कल राष्ट्रव्यापी पुनीत सागर अभियान के तहत सुखना झील में व्यापक जल-निकाय स्वच्छता अभियान चलाया। एनसीसी कैडेट्स ने प्लास्टिक कचरा,तैरता मलबा और अन्य प्रदूषकों को हटाया।
कैडेट्स को संबोधित करते हुए, कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन तेजिंदर सिंह ने ऐसे अभियानों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "पुनीत सागर अभियान केवल एक स्वच्छता अभियान नहीं है, यह युवाओं में पर्यावरणीय जिम्मेदारी पैदा करने की दिशा में एक कदम है। कार्यक्रम के अंत में जनता से प्लास्टिक के उपयोग से बचने, जल स्रोतों को स्वच्छ रखने और संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने की अपील की गई।

****

अम्बाला के उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा है कि कल से पहली दिसम्बर तक शहर के रामबाग मैदान में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कल रामबाग मैदान में हवन यज्ञ के साथ जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारम्भ होगा। उन्होंने कहा कि तीनों दिनों तक कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी, वहीं विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाए जाएंगे। इसके साथ-साथ सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

****

कैथल में भी कल से पहली दिसंबर तक भाई उदय सिंह किला परिसर में गीता जयंती महोत्सव का योजन किया जा रहा है। उपायुक्त प्रीति ने मीडिया को बताया कि 29 नवंबर को सुबह 10 बजे गीता यज्ञ से गीता जयंती महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इसी दिन विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी शुभारंभ होगा।

****